प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का किया उद्घाटन, कहा–नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता, युवा शक्ति और उद्यमिता के साथ नई ऊँचाइयों को छू रहा है देश।
- राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को भाजपा ने बताया निराशाजनक, कांग्रेस ने कहा– सरकार के कामकाज से विपक्ष हुआ मुद्दाविहीन।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रामगढ़ के नेमरा में महाजनी आन्दोलन में शहीद सोना सोबरन सोरेन की शहादत दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल, कई मंत्री और विधायक भी देंगे श्रद्धांजलि।
- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा समापन, झारखंड पवेलियन बना आकर्षण का केन्द्र।
- विराट कोहली, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और रोहित शर्मा ने जेएससीए स्टेडियम में की नेट प्रैक्टिस, भारत और दक्षिण अफ्रीका के अन्य खिलाड़ी आज शाम चार्टर्ड प्लेन से पहुंचेंगे रांची।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने राष्ट्र की सम्प्रभुता में देशभक्ति का अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति आज नई दिल्लीं में चाणक्य रक्षा संवाद–2025 को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की हालिया सफलता देश की आतंक–रोधी और निवारक रणनीति में एक निर्णायक क्षण है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी ने आज स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है, जिससे स्टार्टअप और उद्योग, देश के वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मिलकर काम कर सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि स्काईरूट का इन्फिनिटी कैंपस भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि देश अपने नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता, युवा शक्ति और उद्यमिता के साथ नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

****

राज्य की हेमंत सोरन सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष कल पूरा हो रहा है। इसके साथ ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। भाजपा ने सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताया है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि पिछली बार की तरह इस बार भी सरकार अपने वादे से मुकर गयी है।

भाजपा के इस आरोप पर सत्तारुढ़ गठबंधन के घटक कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो गयी है। सरकार ने एक वर्ष में विकास के नये आयाम गढ़ने का काम किया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा जायेंगे। वे लुकैयाटांड़ में महाजनी आंदोलन में शहीद हुए अपने दादा सोना सोमरन सोरेन के शहादत दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्य के कई मंत्री और विधायक भी सोना सोमरन सोरेन को श्रद्धांजलि देने नेमरा पहुंचेंगे। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज और जिले के अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कई आवश्यक निर्देश दिये।

****

इस वर्ष के भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले – आईआईटीएफ का आज समापन हो जाएगा। 14 दिनों तक चले मेले के अंतिम दो दिनों में झारखंड पैवेलियन सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बना रहा। पैवेलियन में दी जा रही भारी छूट, विविध उत्पादों और मनमोहक प्रस्तुति ने इसे खरीदारों की पहली पसंद बना दिया।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के खोकरो मोड़ के पास आज एक भारी मालवाहक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक घर में जा घुसा। तेज रफ्तार के कारण वाहन दीवार से टकरा गया, जिससे घर के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के वक्त घर के लोग गहरी निंद्रा में थे। हालांकि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

****

मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में इस वर्ष कोडरमा जिले ने 21500 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन करते हुए राज्य में पहला स्थान हासिल किया है।

****

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी, आज अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। इनमें शुरूआती कारोबार में शून्य दशमलव तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 294 अंक बढ़कर 85 हजार 903 और निफ्टी 65 अंक की वृद्धि के साथ 26 हजार 270 पर पहुंच गया।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 18 हजार 400 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 67 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

****

केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने टी–20 विश्व कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड 2025 में भारत की जीत पर टीम को बधाई दी है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारी दिव्यांग बेटियों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का काम किया है।

****

रांची में 30 नवंबर को आयोजित होने वालवे वनडे मुकाबले के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम आज शाम चार्टर्ड प्लेन से रांची पहुंचेंगी। विराट कोहली, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और रोहित शर्मा पहले ही रांची पहुंच चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज़ क्विंटन डी कॉक भी यहां आ चुके हैं। सभी खिलाड़ी अब से थोड़ी देर बाद जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास करेंगे।

****